हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार 8 जनवरी 2026

12 पुलिस डिजिटल मोड में होगी जनगणना...



12 ओडिशा सरकार को बर्खास्त करने की मांग ...



## खबर संक्षेप

### श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ आज से

**भिवानी।** वीरवान पाना गली गोकुलचंद आर्य के निवास पर श्रीश्याम गुणगान मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंडल के प्रधान आत्मप्रकाश महत्ता और उपप्रधान मनोज दिवान ने बताया कि 8 जनवरी से 14 जनवरी तक श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन सायं पांच बजे से 7:15 बजे से किया जाएगा। इस दौरान सान्निध्य महंत चरणदास महाराज व अनुज गुरेजा गुड़गांव वाले का रहेगा। कलाकार मनोज हजारी व स्थानीय कलाकार अपने भजनों द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीश्याम बाबा के भजनों से रसपान करेंगे।

### आरचरी खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल कल

**चरखी दादरी।** प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन संभावित रूप से 20 फरवरी तक छत्तीसगढ़ राज्य के दीव में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं टीमों का चयन प्रथम चरण के ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा की ओर से टीम स्पोर्ट्स के अंतर्गत आरचरी खेल के लिए खिलाड़ियों का चयन 9 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में ट्रायल के आधार पर किया जाएगा।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार की घोषणा प्रति वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर की जाती है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए भारतीय नागरिक एवं भारतीय संस्थान ही पात्र हैं।

## मास्टर होशियार सिंह ने जीते तीन पदक



**भिवानी।** बुजुर्ग खिलाड़ी पदक विजेता मास्टर होशियार सिंह को सम्मानित करते आयोजक कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढ़ड़ा

**युवाओं से खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान**

34वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मास्टर होशियार सिंह ने दो सिल्वर व एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मास्टर होशियार सिंह को जीत पर क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। हिसार में संपन्न हुई हरियाणा स्टेट मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में गांव काकड़ौली हुकमी निवासी मास्टर होशियार सिंह ने तीन पदक अपने नाम किए। मास्टर होशियार सिंह ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल व शार्ट पुट में दो सिल्वर मेडल अपने नाम किया। लोगों ने युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर नशामुक्त रहकर खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच सीताराम शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, दिनेश, मोनू, मनोज, अनिल,जयवीर आदि ने उनकी जीत पर खुशी जताई।

## डॉ. बोहरा नौवीं बार बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढ़ड़ा

■ धावक रामकिशन शर्मा ने की बैठक की अध्यक्षता

आर्यसमाज की कार्यकारिणी का चुनाव किया, जिसमें डॉ. देवेंद्र आर्य बोहरा को लगातार नौवीं बार आर्य समाज का प्रधान चुना।

वयोवृद्ध धावक रामकिशन शर्मा की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर बाढ़ड़ा में आर्य समाज की आम सभा की बैठक हुई। चुनाव में रामकिशन शर्मा को संरक्षक व डॉ. देवेंद्र आर्य बोहरा को लगातार नौवीं सर्वसम्मति से आर्य समाज बाढ़ड़ा का प्रधान चुना। इनके अतिरिक्त वीरेन्द्र आर्य व सत्यवीर आर्य सलेमपुरिया को उपप्रधान, कुलदीप आर्य शास्त्री को मंत्री, प्रवक्ता तेजवीर आर्य किष्कन्धा को उपमन्त्री, एलआईसी विकास अधिकारी प्रवेश आर्य को कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र आर्य को पुस्तकालय अध्यक्ष व सुनील आर्य को प्रचार मंत्री बनाया। वहीं मोहनलाल सैनी को लेखा निरीक्षक, कटारसिहं एवं अरविन्द डालावास को अंतरंग सदस्य, शमशेर आर्य पंचगांव, बीरसिंह सभ्रवाल व सुरेंद्र फौजी को विशेष आमंत्रित सदस्य चुना।

# तीन दर्जन गांवों में जलभराव से प्रभावित किसानों ने किया प्रदर्शन

## भारी बारिश, जलभराव व बाढ़ से फसल व घरों को हुए नुकसान के लिए मांगा मुआवजा

■ जिले में बकाया बीमा क्लेम 350 करोड़, 308 करोड़ रुपये बकाया मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर रोष जताया





**भिवानी।** शहर में विरोध प्रदर्शन करते और एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी व किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ने भारी बारिश, जलभराव व बाढ़ से फसल व घरों को हुए नुकसान का न्यायोचित मुआवजा देने, जिले में बकाया बीमा क्लेम 350 करोड़, 308 करोड़ रुपये बकाया मुआवजा व अन्य किसान मजदूरों की मांगों को लेकर रोष जताया।

बुधवार को ठाकुर बीरसिंह पार्क में विभिन्न गांवों के किसान किसान सभा के बैनर तले एकत्रित हुए और पार्क से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन किया तथा डीसी कार्यालय के माध्यम से सीएम व पीएम को ज्ञापन भिजवाया। उपायुक्त की ओर से एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन से पूर्व ठाकुर बीरसिंह पार्क में किसानों की सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की। राज्य सरकार ने अब तक जलभराव/बाढ़ का मुआवजा केवल 116 करोड़ रुपये वितरित किया है, जबकि इससे ज्यादा नुकसान अकेले सागवान गांव का हुआ है। जिसके 80 प्रतिशत लोग गांव छोड़ने पर मजबूर हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रिपल इंजन की सरकारें किसान मजदूर की घोर उपेक्षा कर रही है।

केन्द्र सरकार ने हरियाणा के साथ भेदभाव किया है, जिसका बदलता हरियाणा की जनता समय आने पर जरूर लेगी। किसानों ने मुआवजे के अलावा बाजरे का भावांतर डालने, डीएपी/ यूरिया खाद उपलब्ध करवाने, बकाया टयूबवेल कनेक्शन जारी करने व बिजली टावरों का न्यायोचित मुआवजा देने की मांग की।

### 5,30,287 किसानों ने दर्ज करवाया था नुकसान

किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल व जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि प्रदेश में 6397 गांव में 530287 किसानों ने 3115914 एकड़ में खरीफ फसल की बर्बादी का आंकड़ा हरियाणा सरकार के क्षति पूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया था। उसी समय केन्द्र सरकार ने पंजाब को 1600 करोड़ रुपये, 1500 करोड़ रुपये हिमाचल तथा 1200 करोड़ रुपये उतराखंड को विशेष पैकेज दिए है, लेकिन हरियाणा के किसानों को एक पैसा भी नहीं दिया।

### इन्होंने किया संबोधित

किसान नेताओं ने कहा कि किसान सभा 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेगी। प्रदर्शन को मास्टर शेरसिंह, कर्णसिंह जैनावास, सुबेदार धनपत, संतोष देशवाल, युवा कल्याण संगठन के कमल सिंह प्रधान, सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल, अनुसुचित जाति कांग्रेस सैल के प्रधान राजेंद्र धानक, दलित अधिकार मंच के संयोजक सुखदेव पालुवास, रामौतार बलियाली व नरेंद्र डाडम आदि किसान नेताओं ने सम्बोधित किया।

## ऑटो चालक, रेहड़ी और फुटपाथ लगाने वाले 12 को करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

■ एसोसिएशन ने कृष्णा कालोनी माल गोदाम रोड पर बैठक कर बनाई रणनीति

■ 10 वर्ष से ज्यादा व सीएनजी के ऑटो रिक्शा 12 वर्ष के आटो रिक्शा के एनसीआर क्षेत्र में रोड पर चलने पर लगाई पाबंदी

न्यू ऑटो रिक्शा एसोसिएशन व थ्री व्हीलर (आटो रिक्शा, रेहड़ी एवं फुटपाथ व ई रिक्शा) एसोसिएशन की बैठक कृष्णा कालोनी माल गोदाम रोड पर हुई। बैठक में प्रधान राजेन्द्र सोनी व प्रधान रामनिवास शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के आदेशानुसार की 10 वर्ष से ज्यादा व सीएनजी के ऑटो रिक्शा 12 वर्ष के आटो रिक्शा हैं, वे एनसीआर क्षेत्र में रोड पर नहीं चल सकती, इनकी समय सीमा को 10 वर्ष तक बढ़ाया जाये। सरकार समय सीमा नहीं बढ़ाती है तो पुराने ऑटो रिक्शा को खरीदकर उनकी जगह नई ऑटो रिक्शा उपलब्ध करवाए।

उन्होंने कहा कि सरकार नई ऑटो रिक्शा उपलब्ध करवाती है तो ऑटो चालक अपने पास से 50 से 60 हजार रूपये किस्तों में अदा करने को तैयार है, जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि केवल हरियाणा प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में ई रिक्शा पर कोई टैक्स नहीं है, यहां भी ई रिक्शा को टैक्स फ्री किया जाए। शहर के प्रत्येक चौक-चौराहे पर रेहड़ी एवं फुटपाथ लगते हैं, वहां पर नगर प्रशासन द्वारा अच्छी मार्केट तैयार कर दी जाए, ताकि शहर की सुंदरता को चार चांद लग सकें और जाम से भी निजात मिल सके। ई रिक्शा व ऑटो चालक या अन्य व्यक्ति जिसे ड्राईविंग आती है वह अपना लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन करता है तो उसका कम्प्यूटर द्वारा टेस्ट लिया जाता है उसे बंद किया जाए, जो भ्रष्टाचार का कुआं है, जिस व्यक्ति को जो वाहन चलना आता है उसे उसकी का लाइसेंस प्रदान किया जाए। उपरोक्त मांगों को लेकर 12 जनवरी को रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस दिन सुबह 4 से सायं 10 बजे तक ईरिक्शा, ऑटो पूर्णरूप से बंद रहेंगे तथा कहीं भी रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी।

इस अवसर पर राजेश, राधेश्याम, संजय, मुकेश, अशोक, दर्शनलाल, अजीत सिंह, निरंजन, गुलशन, विजय, धर्मेंद्र, पप्पू, उमेश व ईश्वर चौटाला समेत अनेक ऑटो, ई रिक्शा व रेहड़ी चालक उपस्थित रहे।

## हाई वोल्टेज के तारों को हटवाया जाएगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बवानीखेड़ा

कस्बा तथा आस-पास के गांव के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बिजली निगम द्वारा घरों के उपर से तथा खेल स्टेडियम के उपर से गुजरने वाली हाई वॉलटेज तार को हटाने का कार्य किया जाएगा। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के अथक प्रयासों से इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। विधायक ने इस बारे में बिजली निगम के उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवाया था। बिजली निगम ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हाई वॉलटेज तारों व खंभों को हटाने का निर्णय लिया है। इसबारे में जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वाल्मीकि स्टेडियम में भी हाई वॉलटेज की लाइन गुजर रही है। इसके साथ-साथ खंभे भी लगे हुए हैं। इसके चलते वर्षो से वालमीकि स्टेडियम का निर्माण कार्य अधुरा रह रहा है। अब स्टेडियम की जगह से खंभे व लाइने हटाने का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा गांव सिवाड़ा के बस स्टैण्ड, कस्बा बवानीखेड़ा की बस्ती, गांव तालु, गांव सज्जनपुर, गांव कुंगड़ के रास्तों व पार्क स्थलों के उपर से गुजरने वाली लाईनों को हटाने के लिए कार्रवाई आरंभ की जाएगी।

### मिलेगी राहत

विधायक कपूर सिंह वालमीकि ने बताया कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों से हाई वॉलटेज की लाइन गुजर रही है। इस बारे में ग्रामीणों ने उन्हें अवगत करवाया था। इस समस्या के समाधान के लिए बिजली निगम के उच्च अधिकारियों से वे मिले और योजना को तैयार करने के लिए आग्रह किया। अब इस योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## मुंढ़ाल को तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर कमेटी का गठन

■ कई ग्राम पंचायतों ने लिखित में मुहिम के समर्थन में सहमति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

मुंढ़ाल को तहसील बनाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र में चल रही मुहिम एक बार फिर जोर पकड़ती दिख रही है। इसी क्रम में मुंढ़ाल के शहीद पार्क के सामने आसपास के दर्जनों गांवों के लोग एकत्रित हुए और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी। मुहिम से जुड़े लोगों ने बताया कि मुंढाल एक प्राचीन गांव है, जो पहले हल्का भी रह चुका है। उन्होंने कहा कि तहसील बनाए जाने की मांग दशकों पहले भी उठ चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। लोगों ने यह भी कहा कि मुंढाल भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। मुहिम से जुड़े लोगों ने बताया कि शीघ्र ही प्रतिनिधिमंडल (कमेटी) का गठन किया जाएगा और इसके माध्यम से मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित मंत्रियों से मुलाकात कर मुंढ़ाल को तहसील का दर्जा देने की मांग रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आसपास की कई ग्राम पंचायतों ने लिखित में इस मुहिम के समर्थन में सहमति दी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। तहसील बनने से दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा।



**भिवानी।** मुंढाल को तहसील बनाने को लेकर रणनीति तय करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मा. सुजेंद्र मान, ऋषि जांगड़ा, सुरेश फोगाट, मा. संजीव, पवन ढुल, जिले सिंह, बलजीत, कप्तान, सुमित बेनीवाल, करमबीर ढुल, डॉ. रवि, विरेन्द्र पंघाल, माहला, सुरेन्द्र, सुखबीर सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## चोरी का सामान खरीदने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



**भिवानी।** चोरी का सामान खरीदने का आरोपी पुलिस हिरासत में।

पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशानुसार जिले में घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों एवं चोरी का सामान खरीदने वालों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में शिकायतकर्ता प्रदीप निवासी दुर्जनपुर ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अक्तूबर की रात को अज्ञात चोरों ने उसके ताऊ के लड़के सुनील के घर का ताला तोड़कर घर से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली थी। थाना बवानी खेड़ा के सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने चोरी किए गए आभूषणों को खरीदने के मामले में न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अशोक निवासी वार्ड नंबर 4, सापला, जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपी सुनार का काम करता है।

## सीजेएम ने जेल बंदियों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



भिवानी। जेल का निरीक्षण करते सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार ने बुधवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने बैरकों, रसोईघर, अस्पताल कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन की जिम्मेदारी है कि बंदियों को मानवीय और सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया जाए, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

सीजेएम पवन कुमार ने जेल बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। कई बंदियों ने स्वास्थ्य, दवाइयों की उपलब्धता, कानूनी सहायता और परिवार से मुलाकात से संबंधित मुद्दों को सामने रखा। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जरूरतमंद बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी केवल जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण लगातार प्रयासरत है। सीजेएम ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जेल अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए।

### जेल केवल दंड का स्थान नहीं: सीजेएम

सीजेएम ने जेल अधिकारियों से कहा कि बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जेल केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार का केंद्र होना चाहिए। बंदियों के पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए उन्हें सकारात्मक वातावरण देना आवश्यक है। उन्होंने जेल प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही कुछ सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

### कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने लोक निर्माण विश्राम गृह में सुनीं शिकायतें

# जलभराव की समस्या का होगा स्थायी समाधान: श्रुति

■ बरसाती जल निकासी परियोजना पर आएगी 5 करोड़ से अधिक की लागत सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम



**तोशाम।** विकास कार्यों का शिलान्यास करती मंत्री श्रुति चौधरी।

प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि तोशाम क्षेत्र को विकास के मामले में शिखर पर ले जाना और क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि तोशाम हलके में विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों को सम्बोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले सिंचाई मंत्री ने तोशाम में करीबन साढ़े 15 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल सप्लाई लाइन विस्तार व नव निर्मित दो वाटर टैंकों का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री ने 5 करोड़ 18 लाख की अधिक की राशि से बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल योजना और एक करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि से बीपीएल कॉलोनी में बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण की आधारशिला रखी।

कार्यक्रम में पंहुचने पर एसडीएम प्रदीप अहलावत, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास धनखड़, एसडीओ विक्रम पूनियां, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, भाजपा नेता राजकुमार जांगड़ा, प्रदीप गोलागढ़, सरपंच राजेश तंवर ने पुष्प गुच्छ देकर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री ने भिवानी मार्ग पर स्थित कुलदीप मनसरवास के शोरूम का भी शुभारम्भ किया। सिंचाई मंत्री ने कहा कि नहरों की रीमॉडलिंग करवाकर लोगों को पेयजल और किसान की खेत में सिंचाई के लिए सभी नहरों में टेल तक पूरा पानी पहुंचाया जा रहा है।

### दो वाटर टैंकों का होगा निर्माण

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि साढ़े 15 करोड़ रुपये से भी अधिक की राशि से कस्बे में पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने के साथ-साथ दो वाटर टैंकों का निर्माण किया गया है और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता भी बढ़ाई गई है। तोशाम में दो नए वाटर टैंकों का निर्माण होने से अब 8 करोड़ 44 लाख लीटर पानी की स्टोरेज क्षमता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 4.54 एमएलडी से बढाकर अब 5.54 एमएलडी कर दी गई है। दोनों टैंकों के निर्माण व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाए जाने से तोशाम में स्वच्छ पेयजल सप्लाई निर्बाध रूप से हो सकेगी।



# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर

आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

अवेयरनेस
प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।




**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।



**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx(एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।

**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. योगेश कुलकर्णी
हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।

**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।






**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगावानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।

## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेड़ू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार

यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-



**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड्स जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



फिटनेस
डॉ. माजिद अलीम

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर

कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।



## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से इसी प्रक्रिया को दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *

हर्बल जोन
रेखा देशराज

कुछ समय पूर्व जानकारी सामने आई कि हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना गया है। इससे दुनिया भर में हल्दी के औषधीय गुणों को और महत्ता मिलेगी। हल्दी में कौन से हैं वे विशेष गुण, जिनकी वजह से इसे यह तमगा मिला, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# दुनिया कर रही स्वीकार हल्दी के औषधीय गुण



अंतरराष्ट्रीय जड़ी बूटी संघ (आईएचए) ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'हर्ब ऑफ द ईयर' चुना है। यह एक पूर्व निर्धारित चयन है। दरअसल, आईएचए हर साल किसी एक जड़ी-बूटी को उसके औषधीय, पाक या सौंदर्य गुणों के कारण उस साल विशेष की जड़ी-बूटी का खिताब देता है और साल 2026 के लिए यह सेहरा हल्दी के सिर बंधा है।

**इसलिए मिला यह तमगा:** सवाल है, इस साल हल्दी को यह श्रेय क्यों मिला है? दरअसल, यह सदियों से आयुर्वेद की एक औषधीय जड़ी के साथ-साथ भारत में स्वाद और मसाले के रूप में प्रयुक्त होती रही है। इसके कई चिकित्सकीय और स्वास्थ्यरक्षक गुणों के कारण हाल के सालों में हल्दी पर जितने शोध हुए हैं, उतने शोध किसी और जड़ी-बूटी के हिस्से नहीं आए और इन शोधों से पता चला है कि हल्दी को हम जितना महत्वपूर्ण मानते हैं, वह उससे भी अधिक है। इसलिए आईएचए ने साल 2026 के लिए हल्दी को 'साल की जड़ी बूटी' के रूप में चुना है। इसके कारण अब हल्दी की लोकप्रियता पहले से कई गुना ज्यादा हो जाएगी।



**कई रूपों में उपयोगी:** हल्दी को सदियों से भारत और दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में स्वास्थ्य, सौंदर्य, मसाले और औषधि के रूप में जाना जाता रहा है। चूंकि पिछले कई सालों से हल्दी को लेकर दुनिया में कई तरह के शोध अध्ययन हुए हैं, जिनमें पाया गया है कि हल्दी इम्यूनिटी बढ़ाने, शरीर के सूजन को नियंत्रित करने और एंटीऑक्सीडेंट्स के गुणों से भरपूर होती है। इसलिए उसे इस साल जड़ी बूटियों की महारानी होने का गौरव हासिल हुआ है।

**भारत में सर्वाधिक उत्पादन:** दुनिया में जितनी हल्दी का उत्पादन होता है, उसमें 80 फीसदी हल्दी भारत में ही पैदा होती है। इसलिए दुनिया भर में जो हल्दी पाई जाती है, उसमें 70 से 80 फीसदी हिस्सा भारतीय हल्दी का ही होता है। अब क्योंकि हल्दी को इस साल की प्रमुख जड़ी-बूटी का खिताब मिला है, इस कारण इसका महत्व और बढ़ जाएगा। अभी तक हल्दी को लोग भारतीय मसाला या दादी-नानी का औषधीय नुस्खा माना करते थे, पर अब हर्ब ऑफ द ईयर टैग पाने के बाद यह फोक या लोकल मेडिसिन से निकलकर वैज्ञानिक और ग्लोबल वेलनेस के फ्रेमवर्क का मुख्य हिस्सा बन गई है। इस कारण अब हल्दी को स्टैंडर्ड हर्ब मान लिया गया है।



**हो रहे हैं नए रिसर्च:** अब दुनिया के दर्जनों यूनिवर्सिटीज में हल्दी को लेकर नए-नए एंगल से रिसर्च हो रहे हैं। अनेक फार्मास्युटिकल कंपनियां इसके विभिन्न उत्पादों का ट्रायल कर रही हैं। न्यूट्रास्यूटिकल प्रोडक्ट डेवलपमेंट में भी हल्दी का कोई सानी नहीं है, क्योंकि हर्ब ऑफ द ईयर का तमगा पाने के बाद पूरी दुनिया इस पर निवेश करने के लिए तैयार है। यही कारण है कि हल्दी अब केवल किचन का हिस्सा नहीं है, यह लैब और क्लीनिक का भी विषय बन गई है। इस साल हमें हल्दी के कई नए उत्पाद देखने को मिलेंगे। जैसे- दुनिया की कई फार्मा कंपनियां, हल्दी आधारित इम्यूनिटी शॉट्स जैसा प्रोडक्ट लाने की तैयारी में हैं। स्किन केयर में हल्दी अब पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण हर्ब मान ली गई है और इस साल दर्जनों स्किन केयर क्रीम हल्दी को लेकर आएंगी। स्पोर्ट्स न्यूट्रिएंट्स में भी अब हल्दी का भरपूर यूज किए जाने की उम्मीद है। माइक्रो-डोज, कैप्सूल, चाय आदि के नए रूपों में भी हल्दी सामने आ सकती है। *

## नगर पालिका सफाई कर्मचारियों का धरना छठे दिन भी जारी

# डीएमसी का आश्वासन...10 दिन में खाते में होगा एरियर, नहीं माने कर्मी

■ डीएमसी ने कर्मचारियों से की मुलाकात, 10 दिन का दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और नालियां अवरुद्ध हो गई हैं। लोग सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। बिगड़ती सफाई व्यवस्था के बीच डीएमसी रणवीर सिंह नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से बातचीत की और 10 दिन का समय मांगा। डीएमसी ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर जांच कर एरियर उनके खातों में डाल दिया जाएगा।

हालांकि, सफाई कर्मचारी इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनके छह साल (2017 से लंबित) का एरियर उनके खातों में नहीं डाल दिया जाता, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। डीएमसी रणवीर सिंह ने कहा कि 10 दिन के अंदर इनका एरियर दे दिया जाएगा। नगर पालिका सचिव से मेरी बातचीत हो गई है। बता दें कि महेंद्रगढ़ में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी धरने पर बैठने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। छह दिन से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और आवासीय इलाकों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नियमित रूप से होने वाली कचरा उठाने और नालियों की सफाई का काम ठप पड़ गया है। हालांकि नगर पालिका की ओर से पक्के व एचकेआरएन के कर्मचारी सफाई के कार्य में लगाए हुए, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण पहले की तरह सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं हो रहीं हैं।

### कई बार मिला झूठा आश्वासन

सफाई कर्मचारी प्रधान पूर्ण सिंह ने बताया कि वे दो जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं क्योंकि उन्हें 2017 से एरियर नहीं मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि वे चार महीने पहले विधायक कंवर सिंह यादव से भी मिले थे, जिन्होंने 10 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया था। चार महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ा। पूर्ण सिंह ने बताया कि प्रदेश के अन्य जिलों के सफाई कर्मचारियों को एरियर मिल चुका है, जबकि महेंद्रगढ़ के कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिला है। नगर पालिका प्रशासन की कमी और झूठे वादों के कारण वे इस लाभ से वंचित हैं। काफी बार वे अधिकारियों से इस बारे में बात कर चुके हैं, लेकिन हर बार झूठा आश्वासन दिया जाता है। इस मौके पर सफाई यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार, धीरज, रिंकू, शम्मी, सुमित, राजेश, नसीब, विनोद, देवानंद, दीपक, सूबेसिंह, राहुल, गुलशन, चांदराम, सन्नी, घनश्याम, आशु, सुंदर, सुंडाराम, पंकज, राहुल, कविता, आरती, विष्णु, राजकुमार सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बकाया एरियर की मांग: नप सफाई कर्मचारियों का बेमियादी धरना जारी



नारनौल। प्रदर्शन करने नगर परिषद सफाई कर्मचारी तथा मंडी अटेली में हड़ताल पर बैठे नगर पालिका सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर दुसरे दिन भी बुधवार काम छोड़ हड़ताल की। बता दें कि 2017 से 2023 तक का छह साल का बकाया एरियर की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को काम छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इस अवसर पर प्रदर्शन की अध्यक्षता हुए जिला प्रधान राहुल सरवन ने कहा कि जब तक एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक काम छोड़ हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि आठ अगस्त 2025 को नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी व अधिकारीगण के कर्मचारीयों के बीच बैठकर बातचीत हुई थी। जिसमें आश्वासन दिया गया कि कर्मचारियों का एरियर 15 दिनों के अंदर उनके खाते में डाल दिया जाएगा, जबकि इस बातचीत को आज लगभग पांच महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक एरियर नहीं दिया गया। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। जिसके चलते कर्मचारियों ने हड़ताल करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद नगर परिषद प्रशासन व कर्मचारियों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उसमें कोई समाधान नहीं निकला। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के सभी कर्मचारी, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिन महेंद्र बोयत, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगेलिया, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, महावीर प्रसाद, रमेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, विक्रांत, निरंजन, प्रताप सिंह, भीमसिंह, राजेश, मनोज, आशु, अमित, विजय आदि मौजूद थे।

### अटेली नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल जारी

मंडी अटेली। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने बकाया राशि को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया गया। कूड़े का उठान न होने से पूरा शहर कूड़े में अटा नजर आने लग गया है। सफाई कर्मचारियों ने पुरानी नगर पालिका के बाहर नारेबाजी करते हुए सरकार का विरोध किया। सफाई कर्मचारियों ने कहा जब तक उनकी बकाया राशि व प्रमुख मांगें नहीं मानते, तब तक धरना प्रदर्शन व हड़ताल जारी रहेगी। सफाई कर्मचारी धरने पर होने के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे जगह जगह गंदगी के ढेर लग गए है। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के अनाज मंडी के पीछे, नये बस स्टैंड, रेलवे रोड, बाजार के मुख्य रास्ते सहित अन्य स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हुए है।

## खबर संक्षेप

### धर्मबीर सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ सांसद घोषित

मंडी अटेली। भिवानी महेंद्रगढ़ के विकास को नए आयाम देने वाले सांसद धर्मबीर सिंह ने एक बार फिर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्य क्षमता का लोहा मनवाया है।



इस मौके पर सांसद को बधाई देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय ने बताया कि फेम इंडिया एशिया पोस्ट की ओर से की गई ताजा सर्वे में रेडमैन धर्मबीर सिंह को देश के कुल 794 सांसदों में से सर्वश्रेष्ठ मजबूत सांसद चुना गया है। सांसद धर्मबीर सिंह का चयन यह साबित करता है कि यदि प्रतिनिधि निष्ठा से कार्य करें, तो उसकी गूंज दिल्ली के गलियारों तक सुनाई देती है। यह गौरव केवल सांसद रेडमैन का नाम नहीं, बल्कि पूरे भिवानी महेंद्रगढ़ की जनता का है।

### रावमा विद्यालय में एनएसएस कैंप सम्पन्न

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेका में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैम्प बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए कैम्प में स्वयंसेवकों ने दैनिक क्रिया-कलाप, योगासन प्राणायाम, प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह से हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय में सभी कक्षा कक्ष की सफाई की। एडवोकेट धर्मेश जोशी ने स्वयंसेवकों का कानूनी ज्ञानवर्धन किया। प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने मंच संचालन करते हुए स्वयंसेवकों को प्रेरणादाई बातें बताई। इस मौके पर प्राचार्य महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, सत्यवान सिंह, हिम्मत सिंह, हनुमान प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान में भूमिका निभाएं स्वयंसेवक: बचनाईनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी


सतनाली मंडी। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

गांव सुरेहती पिलानिया स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य योगी बचनाईनाथ ने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन को समाज के प्रति समर्पित करने की प्रेरणा है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज की समस्याओं के समाधान में आगे बढ़कर भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि कै. रामकुवार आर्य ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का महत्व बताया। एनएसएस प्रभारी विजय कुमार पारीक ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्य के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. संगीता के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में प्रिया पिलानिया व रिंकू पिलानिया को बेस्ट स्वयंसेवक चुना गया गया। इस मौके पर पूर्व नायब तहसीलदार मीरसिंह, पूर्व एसएमसी प्रधान सुबेसिंह सिंह, सरपंच राजेंद्र सिंह, रजनेश, मंजू, सुनील शर्मा, पवन कुमार उपस्थित रहे।

■ राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में मनाया जाएगा कार्यक्रम

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना


कनीना। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

आगामी 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। एसडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत तरीके से राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से संपन्न किया जा सके। समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरूआत प्रातः 09:50 बजे शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके पश्चात 09:58 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा और ठीक 10 बजे ध्वजारोहण व राष्ट्रगान होगा। कार्यक्रम के अगले चरणों में मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण और जनता के नाम संबोधन होगा। इसके बाद मार्च पास्ट और विभिन्न विभागों की झाकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा प्रातः 11:30 बजे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा।


नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# मोहल्ला फ्रांसखाना में किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मोहल्ला फ्रांसखाना नजदीक श्याम मंदिर के पास अनिल कुमार सोनी के निवास पर सुंदरकांड पाठ किया गया। आचार्य अश्वनी शर्मा ने यजमान से श्री गणेश व नवग्रह पूजा करवा बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित करवाई। गणेश वंदना, हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। राजेश सोनी ने बाबा का भव्य दरबार फूलों व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर गौरीशंकर शर्मा, संजय शर्मा, विजय हल्दिया, राकेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, काशीराम सैनी, नवीन जैन, चंचल संघं, नवीन बंसल आदि ने चौपाइयों का गायन किया। मंडल के कोषाध्यक्ष नवीन बंसल ने स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर मास्टर गौतम, बिशन सोनी, उमाशंकर सोनी, रामानंद सैनी, कालू सोनी, प्रवेश अग्रवाल, चिंटू गुप्ता, प्रवीण चौधरी, नवीन भालोठिया, कालूराम, नवीन जैन, दीपक आदि मौजूद थे।

# स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, राष्ट्र सेवा एवं सामाजिक चेतना का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। शिविर के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। शिविर की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से नशा मुक्ति, राष्ट्र सेवा एवं सामाजिक चेतना का संदेश दिया। इसके उपरांत सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. योगेंद्र कुमार ने सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. योगेंद्र कुमार ने समाज में आपसी सौहार्द, समानता एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवीण गॉड ने शिविर में अनुशासन, सेवा भावना एवं सक्रिय सहभागिता के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए।

### बाल विवाह रोकने पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

नारनौल। जिले में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए इसके लिए विशेष नजर रखी जा रही है। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा की टीम की विशेष नजर रहेगी। खासतौर पर बाल विवाह अथवा इससे जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि पर नजर रखने के लिए टैण्ट हाउस संचालकों, फोटोग्राफर, डीजे साउंड, बैंड बाजा वालों, ब्यूटी पार्लर, धर्मशाला संचालकों, मैरिज पैलेस व कार्ड प्रिंटिंग मशीन संचालकों से सहयोग के लिए कहा गया हैकि वह ऐसे किसी भी कार्यक्रम में न तो भाग लें और इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। अपने अपने दायरे के साथ विवाह में लड़का व लड़की के जन्म से सम्बंधित कागजात मंगवा कर देखें। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष से कम व लड़की की आयु 18 वर्ष से कम पाई जाती है, तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलेगा सूर्य नमस्कार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा में योग को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार का महोत्सव एक महीने तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ होकर 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलेगा। इसी कड़ी में आयुष विभाग की ओर से योग सहायकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, ताकि अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। यह जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला ने बताया कि अभियान के तहत जिले को न्यूनतम एक लाख पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया है तथा 100 प्रतिशत गांवों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मास्टर ट्रेनर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जो विद्यालयों, महाविद्यालयों और योगशालाओं में सूर्य नमस्कार अभ्यास सुनिश्चित करेंगे। प्रतिदिन 10 से 15 मिनट में छह आवर्ती चक्रबद्ध सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा जो प्रतिभागी व संस्थाएं लगातार छह दिन अभ्यास कर वेबसाइट पर अपडेट करेंगे।


नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### दयानगर में हुआ सुंदरकांड पाठ

नारनौल। धार्मिक संस्था श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात निजामपुर रोड स्थित दयानगर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जितेंद्र शर्मा व हिमांशु कौशिक ने यजमान खेमचंद शर्मा, मनीष शर्मा व भुनेश शर्मा से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई। हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें महेश शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, राकेश कौशिक, दिनेश बारी व सुरेंद्र सैनी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। जिसमें गौरव म्यूजिकल ग्रुप के मास्टर सुनील ने संगीत की धुन से चार चांद लगा दिए। गायक यश ने आसरो बालाजी म्हाने थारो थे कष्ट निवारो व अजय शर्मा ने मैं के बोलू बालाजी थाने सब बांता का बेरा आदि भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वैद्यकिशन वशिष्ठ, पवन शुक्ला, प्रेम शर्मा, खेमचंद शर्मा मौजूद रहे।

## रेल सेवा समिति प्रधान ने जीआरपी को पत्र लिख की आवश्यक कार्रवाई की मांग

# रात के समय ट्रेनों में बोगियों के गेट नहीं खुलने से यात्री हो रहे परेशान

यात्रियों को वर्तमान में अत्यंत गंभीर समस्या का करना पड़ रहा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। सतनाली रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

सतनाली रेलवे स्टेशन पर रात्रि में रुकने वाली ट्रेनों में बोगियों के गेट न खुलने से यात्री परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सुबह लगभग 3:55 बजे श्रीगंगानगर से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन सतनाली रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है, लेकिन कई बार बोगियों के गेट नहीं खोले जाते। इसके कारण प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा कर रहे यात्री ट्रेन में चढ़ नहीं पाते और उनकी ट्रेन छूट जाती है। रेल सेवा समिति सतनाली के प्रधान दीवान सिंह शेखावत ने यात्रियों को हो रही इस समस्या को लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज लोहारू को पत्र लिखकर समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि सतनाली रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को वर्तमान में एक अत्यंत गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे न केवल यात्रियों की यात्रा प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। प्रातः लगभग 3:55 बजे श्रीगंगानगर से तिलक ब्रिज जाने वाली ट्रेन सतनाली रेलवे स्टेशन पर आती है। इस ट्रेन में यह नियमित रूप से देखने में आ रहा है कि बोगियों के गेट नहीं खोले जाते, जिसके कारण स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्री ट्रेन में चढ़ ही नहीं पाते और उनकी ट्रेन छूट जाती है। स्थिति यह है कि ट्रेन के अंदर पीछे की ओर से आने वाले यात्री, बाहर खड़े यात्रियों की ओर से बार बार आवाज देने के बावजूद भी अंदर से दरवाजा नहीं खोलते। जैसे जैसे ठंड बढ़ रही है, यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है।

### दरवाजा न खुलने के कारण छूट जाती है ट्रेन

इसके अतिरिक्त अर्धरात्रि में साप्ताहिक कामाख्या एक्सप्रेस भी सतनाली रेलवे स्टेशन पर आती है तथा हाल ही में सैनिक एक्सप्रेस के सतनाली ठहराव की भी घोषणा हो चुकी है, जो कि रात्रिकालीन ट्रेन है। यदि इन ट्रेनों में भी बोगियों के गेट नहीं खोले गए, तो यात्री यात्रा कैसे कर पाएंगे। यह एक गंभीर प्रश्न है। बहुत से यात्री अत्यंत आवश्यक कार्यों, इलाज, ड्यूटी अथवा अन्य मजबूरियों के कारण यात्रा करते हैं। ऐसे में यदि केवल दरवाजा न खुलने के कारण उनकी ट्रेन छूट जाती है, तो इससे बड़ी विडंबना तथा यात्रियों के साथ इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है। उन्होंने संबंधित रेलवे स्टाफ व एस्कॉर्ट को आवश्यक दिशानिर्देश जारी कर सभी आवश्यक बोगियों के गेट अनिवार्य रूप से खोलने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# जौरासी धाम में प्रस्तावित श्रीराम कथा से समाज को कुरीतियां मिटाने व परोपकार का मिलेगा संदेश

■ सात दिवसीय कथा वाचन समारोह में 100 से अधिक मठों के मठाधीश व दिग्गज राजनेताओं की रहेगी उपस्थिति

■ तैयारियों में जुटी आर्यव्रत सेवा संस्था व अन्य श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

अमरपुर जौरासी धाम पर 23 जनवरी से 30 जनवरी तक श्रीराम कथा होगी। कथा का वाचन पदमविभूषण स्वामी श्रीरामभद्राचार्य करेंगे। कार्यक्रम में 100 से अधिक मठाधीश व दिग्गज राजनेता उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

आर्यव्रत सेवा व्यास के संस्थापक व उद्योगपति विनीत पिलानिया समारोह में बतौर संयोजक मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी गोरक्षक सुधीर चौधरी ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व की सिरमौर है। जिसमें समस्त जीव जंतु तथा जनसेवा भावना का समावेश है, लेकिन बीते 15 से 20 सालों से पश्चिमी देशों की संस्कृति का वर्चस्व बढ़ गया। जिसके प्रभाव से समाज में संगीन अपराध व अराजकता का माहौल उत्पन्न हो गया। समाधान के लिए धार्मिक ग्रंथों का प्रचार व धार्मिक अनुष्ठानों को प्राथमिकता देना जरूरी है।

इसी मकसद से आर्यव्रत सेवा व्यास संस्था के प्रधान विनीत पिलानिया ने जौरासी धाम पर श्रीराम कथा आयोजन का निर्णय लिया है। सात दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन भगवान शिव विवाह पर कथा वाचन होगा, दूसरे दिन श्रीराम जन्म व तीसरे दिन बाल लीलाओं पर व्याख्यान किया जाएगा। चौथे सीताराम विवाह, पांचवें दिन वन प्रस्थान व केवट चरित्र का वर्णन किया जाएगा। छठे दिन शबरी प्रेम व हनुमंत चरित्र से श्रद्धालुओं को अवगत कराएंगे। सातवें दिन रावण वध व श्रीराम राजतिलक की लीला का उल्लेख करके कथा का समापन किया जाएगा।

सात दिवसीय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को भंडारा व आवासीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि करीब एक महीने से कथा वाचन कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं तथा अगले पांच से सात दिन में सभी व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### डॉक्टरों ने मांगों को लेकर बिगुल फूंका

**भिवानी।** सरकारी अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमान संभालने वाले एनएचएम, आरबीएसके और सीएचओ डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ कानूनी और संवैधानिक बिगुल फूंक दिया है। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने मुख्य सचिव को औपचारिक कानूनी प्रतिनिधित्व भेजकर स्पष्ट किया कि सरकार उन्हें गैर-अभ्यास भत्ता (एनपीए) नहीं दे सकती तो उन्हें ड्यूटी के बाद निजी प्रैक्टिस करने से रोकने का कोई कानूनी अधिकार नहीं हैं, ये बात नीमा के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश संरक्षक डॉ. आरबी गोयल ने मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कही।

### चार छात्रों का मलखम्भ हरियाणा टीम में चयन

**चरखी दादरी।** चंपापुरी क्षेत्र स्थित आर्य हिन्दी संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल में अध्ययनरत चार विद्यार्थियों सोमवीर, प्रिंस, यश व हैप्पी ने अपने खेल के जरिए मलखम्भ में हरियाणा टीम में जगह बनाई है। फिलहाल चारो प्रतिभाशाली युवा हाल ही में दमन एंड दीव में चल रहे खेलो इंडिया बीच गेम्स राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इस बड़ी स्पर्धा में पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से आई खिलाड़ियों की टीमों द्वारा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

### पूर्वमंत्री स्वर्गीय सतपाल सांगवान को दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** नीमा के प्रधान डॉ. विजय शर्मा, सचिव डॉ. कृष्ण वर्मा, सहसचिव डॉ. सुरेंद्र डाला, कैशियर डॉ. विजय वशिष्ठ सहित अनेक पदाधिकारी विधायक सुनील सांगवान के निवास पर पूर्वमंत्री स्वर्गीय सतपाल सांगवान की जयंती पर एकत्रित हुए, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा, ईमानदारी और सिद्धांतों के लिए समर्पित कर दिया। नीमा प्रधान डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय सतपाल सांगवान का जीवन इस बात का प्रमाण है कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सबसे बड़ा मंच हो सकती है।

### 200 जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**चरखी दादरी।** गणेश चतुर्थी पर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की प्रेरणा से जनसेवा संस्थान शाखा चरखी दादरी अनाथ आश्रम के तत्वावधान में मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया। रेस्ट हाउस स्थित हनुमान मंदिर के समीप जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए करीब 200 कंबल निःशुल्क वितरित किए। कंबल वितरण प्रशासन की ओर से तहसीलदार सन्नी दलाल ने कंबल वितरण का शुभारंभ किया। इनके साथ पटवारी हरिचरण भी मौजूद रहे।

तहसीलदार सन्नी दलाल ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा ही सच्ची पूजा है, ऐसे कार्यों से सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी आकाश गर्ग, व्यापार मंडल प्रधान सुरेश पांडवानिया, सुरेश ऐरन आदि मौजूद रहे।

## संवैधानिक अधिकारों के दमन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत

# ओडिशा सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**



भिवानी । विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते वामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य।

भारत मुक्ति मोर्चा और बामसेफ ने ओडिशा में अपने राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद किए जाने को लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करार दिया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में भिवानी में उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन से संगठन के अधिवेशन की अनुमति तत्काल बहाल करने, रद किए कार्यक्रम के कारण कार्यकर्ताओं और संगठन को हुए आर्थिक नुकसान का पूरा मुआवजा सरकार के देने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिश की जांच किसी निष्पक्ष न्यायाधीश से करवाई जाने, ओडिशा सरकार द्वारा संविधान के उल्लंघन को देखते हुए वहां की सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग उठाई। भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया ने कड़े शब्दों में सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ओडिशा के कटक में गत 26 दिसंबर 2025 से होने वाले बामसेफ के 42वें और भारत मुक्ति मोर्चा के 15वें राष्ट्रीय अधिवेशन की सभी कानूनी औपचारिकताएं दो महीने पहले ही पूरी कर ली गई थी, लेकिन अंतिम समय पर आरएसएस और भाजपा के दबाव में प्रशासन द्वारा अनुमति रद करना न केवल हमारे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि ये ओबीसी, एससी, एसटी और मूलनिवासी समाज की आवाज को दबाने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है। दहिया ने चेतावनी दी कि सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी 725 जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन, 22 जनवरी जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**


इस अवसर पर मनोज उमरावत, संजीव उमरावत, डीके सांगा, कृष्ण सांगा, मुरारी नंबरदार, राकेश सांगा, सुरेश फौजी कायला, सज्जन फौजी भिवानी, सुषमा ढ़ाणा लाडनपुर, राजेंद्र लांग्यान, राजीव सैनी, पुरूषोत्तम, सविता पास्टर, सुरेंद्र भोला, इंद्रजीत भारती, अनिल नाथुवास, रीटा भारती, मनीष, दीपक सांगा, पास्टर सुनीता, सज्जन फौजी, सुशीला आदि मौजूद रहे।

### भारत मुक्ति मोर्चा और वामसेफ ने अधिवेशन की अनुमति बहाल करने की मांग की




चरखी दादरी । को ज्ञापन सौंपते वामसेफ व भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

*चरखी दादरी । भारत मुक्ति मोर्चा और वामसेफ ने ओडिशा में अपने राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद करने के विरोध में राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन पदाधिकारियों ने अधिवेशन की अनुमति तत्काल बहाल करने, रद किए कार्यक्रम के कारण कार्यकर्ताओं और संगठन को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करने, ओबीसी की जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को दबाने की साजिश की जांच किसी निष्पक्ष न्यायाधीश से करवाने, ओडिशा सरकार द्वारा संविधान के उल्लंघन को देखते हुए सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग उठाई। बहुजन मुक्ति पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उमेद सिंह ने कड़े शब्दों में सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। सभी 725 जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन, 22 जनवरी जिला स्तर पर विशाल रैली प्रदर्शन तथा 22 फरवरी संविधान पर हमले के विरोध में नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय पर देशव्यापी विशाल महारैली और घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर उमेद ग्रेवाल, हरिओम इंदोरा, आनंद घसोला, दीपक कुमार, जगदीश सोलंकी, अजीत अटेला, अरविन्द, सूरत सिंह, सुनील हड़ोदी, राजेश बिलावल आदि मौजूद रहे।*



चरखी दादरी । सतपाल सांगवान समर्थकों को संबोधित करते विधायक सुनील सांगवान

# पूर्वमंत्री स्वर्गीय सांगवान को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी**

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सतपाल सांगवान के जन्मदिवस पर उनके बेटे दादरी विस से विधायक सुनील सांगवान ने हर वर्ष सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय सतपाल सांगवान के दादरी का विकास बढ़ाने का जो सपना है, वह पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने जीवन में सदैव हरवर्ग के लिए कार्य किया और उनके संस्कार सदैव याद रहेंगे। उनके पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय सतपाल सांगवान ने अपने राजनीतिक जीवन में तपस्या के माध्यम से दादरी के विकास को सींचा, अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं के साथ संबंध बनाए और समाज के विकास व उत्थान के लिए अपने नेतृत्व में कार्य किया, वह सबके लिए अनुकरणीय है।

विधायक सुनील सांगवान व उनके चाचा सत्यप्रकाश सांगवान ने अपने परिवार सहित पूर्वमंत्री सतपाल सांगवान के 84वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सादर नमन किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर से पहुंचे अनेक राजनीति, सामाजिक व समर्थकों ने पूर्वमंत्री सतपाल सांगवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि उनके पिता पूर्वमंत्री सतपाल सांगवान ने दादरी के लिए जो सपना देखा था, उसी दिशा में प्रदेश ही भाजपा सरकार लगातार योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि पूर्वमंत्री स्वर्गीय सतपाल सांगवान का योगदान दादरी व हरियाणा की राजनीति एवं विकास के लिए अविस्मरणीय है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर, पूर्व जिला अध्यक्ष सतेंद्र परमार, आईएएस धर्मेंद्र पानू, बलवान मास्टर, पूर्व बार प्रधान देवेंद्र श्योराण, ओमप्रकाश सांवड़, भूपेंद्र फोगाट, तेजपाल चौहान, पूर्व मैनेजर राजपाल सांगवान आदि मौजूद थे

# असली ‘नशा’ लक्ष्यों को प्राप्त करने और मेहनत करने में होना चाहिए: सुभाष शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा**



बवानीखेड़ा। एनएसएस के शिविर में बच्चों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक विशेष कार्यक्रम का भव्य समापन दिवस का आयोजन किया गया। यह सप्त दिवसीय कार्यक्रम 01 जनवरी 2026 से 07 जनवरी 2026 तक चला। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना जागृत करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप बुधवार, ए. ओ. बवानी खेड़ा, भिवानी और मनोज कुमार, जे.ई. डीएचबीवीएन बवानी खेड़ा ने शिरकत की। विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और स्वागत गीतों के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत और भाषण की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष शर्मा ने बच्चों को नशा मुक्ति के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक और प्रेरित करते हुए बताया कि युवाओं को यह समझाना बहुत जरूरी है कि असली ‘नशा’ लक्ष्यों को प्राप्त करने और मेहनत करने में होना चाहिए, न कि हानिकारक पदार्थों का सेवन करने में होना चाहिए। कई बार व्यक्ति संगति या दोस्तों के दबाव में आकर नशा शुरू कर देता है, पढ़ाई, करियर या निजी जीवन के तनाव से बचने के लिए गलत रास्ता अपनाते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव योगेश शर्मा, सुरेश शर्मा, वरिष्ठ विभाग संचालक योगेन्द्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजु मलिक, नागेंद्र, पार्वती, चंद्रा, दीपशिखा, कश्मीर भाटी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

*शिविर में डीईओ ने की सहभागिता*

# विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने को किया प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी**



चरखी दादरी । अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हड़ौदी स्थित राजकीय वमा विद्यालय परिसर में प्राचार्या विजेता फौगाट की अध्यक्षता में लगाए एनएसएस शिविर के छठे दिन बतौर अतिथि दादरी जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने सहभागिता की। कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र जाखड़ व कैडेट्स ने उनका स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने बच्चों को एनएसएस कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करने को प्रेरित किया।

इसके साथ ही परीक्षाओं में अच्छे अंक पाने के लिए मॉडल टेस्ट पेपरों का अवलोकन करने व अध्ययन करने के लिए भी टिप्स दिए। समाजसेवी अजीत फौगाट ने बच्चों को जीवन में अधिक से अधिक मेहनत करने का आह्वान किया। खंड शिक्षा अधिकारी सज्जन ने कैंप की सराहना की। कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र जाखड़ व प्राचार्या विजेता फौगाट ने बच्चों को हमेशा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन राजेश सांगवान ने किया। हेल्थ व स्वच्छता के विषय में बच्चों को डॉ. मेजर नरेंद्र सांगवान मिर्च ने बताया। इस मौके पर जगवीर चांदनी, जयसिंह, महावीर, सुनिता, सविता, हनुमत, सज्जन सिंह, विक्रम सैनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जागृति कॉलोनीवासियों ने जिला प्रशासन और सरकार का जताया आभार



**भिवानी।** टीआईटी मिल जागृति कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या का समाधान किए जाने पर क्षेत्रवासी सुनीता, मंजिता, संगीता, सुशीला, निशा, जोहरा, मंजू, शांति, रेनू, रेखा, अनारो, कितरा आदि ने बीजेपी मजदुर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया के नेतृत्व में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्यामदास सर्राफ, उपायुक्त साहिल गुप्ता, एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम, एसडीओ प्रविंदर शर्मा, जेई ताज, भाजपा जिलाध्यक्ष कौशिक व मीडिया कर्मियों का आभार जताया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि वे पिछले दो वर्ष से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे थे, जिला प्रशासन व कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर समस्या का निरीक्षण किया और उसका समाधान किया, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिली।

# विजेताओं को किया सम्मानित

- एनएसयूआई के नेशनल कोर्डिनेटर ने 50 जरूरतमंद बच्चों की स्नातक तक की पढ़ाई का खर्च उठाने का संकल्प लिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**



भिवानी । विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

गांव सैय में बाबा रणजीत नाथ महाराज खेल मेले के समापन पर बुधवार को बतौर मुख्यतिथि एनएसयूआई के नेशनल कोर्डिनेटर लक्ष्यजीत सिंह ने शिरकत की और कबड्डी खिलाड़ियों व ग्रामीणों में जोश भरा। उन्होंने न केवल खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि समाजसेवा की नई मिसाल पेश कर 50 जरूरतमंद बच्चों की स्नातक तक की शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का बड़ा ऐलान किया। लक्ष्यजीत सिंह पानु ने कहा कि कबड्डी केवल खेल नहीं, बल्कि हरियाणा की संस्कृति एवं गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सर्कल कबड्डी हमें अनुशासन, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करना सिखाती है। पानु ने कहा कि कोई भी प्रतिभा धन के अभाव में पीछे नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने मंच से घोषणा की कि वह क्षेत्र के 50 होनहार एवं जरूरतमंद बच्चों की स्नातक की शिक्षा का संपूर्ण खर्च व्यक्तिगत रूप से वहन करेंगे। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 81 हजार और उपविजेता को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया।

### तम्बाकू के प्रतिकूल प्रभाव को लेकर जागरूकता लाने की जरूरत : डीसी



**चरखी दादरी ।** जिले को तम्बाकू के नशे की लत से बचाने और नई पीढ़ी को स्वस्थ भविष्य देने के उद्देश्य से उपायुक्त डा मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसासर भारत में हर साल लगभग 13 लाख लोग तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने बताया कि सिगरेट, बीड़ी और गुटखा न केवल फेफड़ों और मुंह का कैंसर पैदा करते हैं, बल्कि हृदय रोगों का भी मुख्य कारण हैं,ऐसे में पूरे जिला प्रशासन को सक्रियता के साथ कार्य करते हुए आम जनमानस के बीच तम्बाकू के प्रतिकूल प्रभाव को लेकर जागरूता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाए।

**बैठक** डीसी साहिल गुप्ता ने तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# डिजिटल मोड में होगी जनगणना-2027 एचएलओ के नाम से मोबाइल एप में होगा डाटा स्टोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**




भिवानी। जनगणना को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जनगणना-2027 को लेकर अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने बताया कि जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य विधिवत रूप से एक मई में शुरू होगा। जनगणना के लिए सक्षम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी। जनगणना डिजिटल मोड में होगी। बैठक में सांख्यिकी विभाग से उपनिदेशक ओमप्रकाश भी मौजूद रहे और उन्होंने भी जनगणना कार्य को लेकर जरूरी जानकारी दी। जिला सांख्यिकी अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने जिला में जनगणना से संबंधित संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया। डीसी श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि किसी भी देश-प्रदेश की विकास नीतियों और योजनाओं का आधार जनगणना होती है। जनसंख्या के अनुरूप ही नीतियां निर्धारित की जाती हैं। प्रत्येक विभाग द्वारा भविष्य की संभावनाओं तथा वर्तमान आवश्यकताओं को आधार मानकर ही अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी, जिनको अप्रैल माह में प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीसी ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में किया जाएगा। इसके लिए एचएलओ के नाम से एक मोबाइल एप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी।

पहले एक मई से मकानों को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें मकान का एरिया, बिजली, पानी, सीवरेज, इंटरनेट केबल, वाहन आदि सुविधाओं को अंकित किया जाएगा। इसके बाद आम जनमानस की गणना का कार्य होगा।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

*बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम भिवानी महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, एसडीएम सिवानी विजया मलिक, एडीएसओ रणबीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, ईओएमसी राजाराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*

# नंद के आनंद भयो...से किया भाव विभोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**



भिवानी। आयोजित कथा के दौरान श्रीकृष्ण राधा बने दो बालक।

लोहड़ पीर मंदिर के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस बुधवार को कथा स्थल पर भक्ति की अविरल धारा बही। बालव्यास कथावाचिका अनिता शास्त्री ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव और विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान कथावाचिका अनिता शास्त्री ने मनु-पुत्र प्रियव्रत की वंशावली का उल्लेख करते हुए वैवस्त मनु के 10 पुत्रों इक्ष्वाकु, नृग, शर्याति, दिष्ट, धृष्ट, करूष, नरिष्यन्त, पृषध्र, नभग और कवि का परिचय दिया।

विशेष रूप से राजा अंबरीष की अनन्य भक्ति की चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अंबरीष की भक्ति के वशीभूत होकर भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र ने उनकी रक्षा की।

अंततः ऋषि दुर्वासा को भी राजा अंबरीष की भक्ति की शक्ति को स्वीकार करना पड़ा और उन्होंने स्वयं राजा की भक्ति की सराहना की। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव रहा। जैसे ही वासुदेव द्वारा कृष्ण को मथुरा के कारागार से गोकुल में नंद बाबा के घर पहुंचाने का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के भजनों से गूंज उठा।




निलाक्षी
को जन्मदिन पर मम्मी पापा की ओर से शुभकामनाएं